JDP_BHOOMI_31_2025-01_Layout 1 10/30/2025 9:27 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

10 कबड्डी में लिंगेश्वरी क्लब और वॉलीबॉल ...



10 सभी लोग एकजुट होकर समाज को आगे ...





## खबर संक्षेप

### सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती धूमधाम से मनायी गयी



**जगदलपुर।** कलार समाज के इष्ट देव राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से सहस्त्रबाहु इंग्लिश मीडियम स्कूल जुगानी कलार कोण्डागांव में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गदाधर प्रसाद वैद्य, गांव के प्रमुख फकीर वैद्य, शिवचरण,बाबूदास वैद्य, बालसूदास वैद्य, प्रदीप पांडेय, विरेन्द्र वैद्य, श्यामदास, दिनेश वैद्य, गायत्री वैद्य शिक्षिका तिजबती पाण्डे,आलोपा मजूमदार और बच्चों ने भाग लिया।

### मलेरिया से बचने के लोगों को बताए उपाय



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड मे लेप्रा सोसायटी की ओर से जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम ने स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्टाफ नर्स पर्यवेक्षक को मलेरिया प्रशिक्षण के दौरान मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि बीमारियों के लक्षण उपचार एवं बचाव के विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही कर्मचारियों का समझाया कि रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। घर-घर ग्रामीणों का मच्छरदानी का उपयोग के लिए प्रेरित करें एवं शाम के समय नीम की पत्ती का धुंआ करें। जिला मलेरिया सलाहकार लव कुमार नागेश द्वारा सभी बिमारियों के उपचार के संबंध में उपस्थित कर्मचारियों को जानकारी दी और कहा कि जैसे ही लक्षण दिखाई दे तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र जाकर अपनी खून की जांच कराएं। इस अवसर पर टेमेश्वर गजभिये, पर्यवेक्षक रोहित पांडे, दिनेश पराते आदि शामिल हुए।

### 9 मृतकों के परिजनों को 36 लाख की आर्थिक सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 36 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु, अतिवृष्टि से घर का छत गिरने से मृत्यु, नदी के पानी में डूबने से मृत्यु सहित कुल 9 प्रकरणों में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए कुल 36 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

### स्कूलों में किताबों का अभाव, बच्चे परेशान

**जगदलपुर।** जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने जारी बयान में बताया कि बस्तर के बच्चे बिना किताबों के तिमाही परीक्षा देने मजबूर हैं। जिले के अनेक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में आज तक पाठ्यपुस्तकें वितरित नहीं की गईं। चौथी और दूसरी कक्षा की हिंदी पुस्तक, तीसरी कक्षा की पर्यावरण पुस्तक नहीं पहुंची हैं। अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में तो पहली से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों को अब तक पुस्तकें नहीं मिलीं है। उन्होंने कहा कि पांच महीने होने के बाद भी पुस्तक वितरण न होना गंभीर लापरवाही है।

# तुरेनार में तैयार पौष्टिक भोजन 409 आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर जिले के प्रभारी विजय शर्मा ने तुरेनार स्थित ग्रामीण औद्योगिक पार्क परिसर में प्रगति महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित रेडी-टू-ईट इकाई का फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां उत्पादित पौष्टिक भोजन 409 आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचेगा। जहां प्रति माह 70 से 75 टन की खपत होगी। इससे बच्चों के पोषण के साथ-साथ महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन मिलेगा। इकाई की मशीनरी की कुल लागत लगभग 55 लाख रुपये है जिसमें 35 प्रतिशत अनुदान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत उद्योग विभाग से प्राप्त हुआ। शेष राशि जीवन ज्योति क्लस्टर संगठन के माध्यम से बैंक लोन से जुटाई गई है। इकाई की उत्पादन क्षमता प्रति घंटे 5 क्विंटल है।

अलग खबर

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन ने बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण को मद्देनजर रखते हुए फिर से महिला शक्ति के हाथों पोषण आहार तैयार करने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। छत्तीसगढ़ सरकार महिला स्व सहायता समूहों को तकनीकी, वित्तीय और बाजार सहायता देकर रेडी-टू-ईट उद्योग से जोड़ रही है। यह बस्तर की महिलाओं को आर्थिक सक्षमता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री ने किया रेडी-टू-ईट इकाई का शुभारंभ



### ये रहे उपस्थित

*उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार देवांगन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।*

**सौगात:** कोलावल और नेतानार में केंद्र सरकार की योजना का शुभांरभ

# आजादी के बाद से जनजातीय इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ा नहीं गया : वी सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी संसदीय संकुल विकास परियोजना का शुभारंभ कोलावल और नेतानार से हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी वी सतीश ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से बस्तर में लोकल रिसोर्स,लोकल टैलेंट और लोकल मार्केट को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है।

भाजपा नेता सतीश ने कहा कि आजादी के बाद से जनजातीय इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ा नहीं गया। जबकि भाजपा सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से उनके उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे एक से दो माह की कार्ययोजना और डीपीआर तैयार करें ताकि इस मॉडल को जमीनी स्तर पर उतारा जा सके। योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचना उतना ही जरूरी है जितना बजट बनाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन में जनजातीय समाज की निर्णायक भूमिका है।




### स्थानीय रोजगार से रुकेगा पलायन

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा इस परियोजना का सबसे बड़ा लक्ष्य है स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन ताकि बस्तर के युवा अब महानगरों की ओर पलायन न करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनजाति विकास विभाग की योजनाओं और कंपनियों के सीएसआर फंड का प्रभावी उपयोग किया जाएगा।



### कृषि और सिंचाई से बढ़ेगी आजीविका

सांसद महेश कश्यप ने बताया कि इस परियोजना के तहत करपावंड के ग्राम कोलावल और नानगुर तहसील के ग्राम नेतानार का चयन किया गया है। यहां कृषि, वन आधारित उत्पाद, पशुपालन, मत्स्य पालन, कौशल विकास, जलग्रहण और सिंचाई जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### बस्तर बनेगा आत्मनिर्भरता का मॉडल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने इस परियोजना को जनजातीय समाज के पुनर्जागरण की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा संसदीय संकुल विकास परियोजना से बस्तर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश करेगा। यह मॉडल आने वाले वर्षों में पूरे देश के लिए प्रेरणा बनेगा।

### ये रहे उपस्थित

प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदराम मुडामी, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और युवा एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आंवला वृक्ष के नीचे आंवला नवमीं धूमधाम से मनायी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में आंवला नवमी पर्व मनाया गया। आंवला वृक्ष के नीचे पूजा करते भक्ति से मातृशक्ति झूम उठी । सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधानों में मंदिर पहुंचीं। आंवला वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर मातृशक्तियों ने व्रत का शुभारंभ किया। भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। पूजन के उपरांत सभी ने आंवला वृक्ष के नीचे प्रसाद और भोजन ग्रहण कर अक्षय पुण्य की कामना की। आनंद वाहिनी बस्तर की जिला अध्यक्ष गीता शुक्ला ने कहा आंवला नवमी का यह पर्व केवल एक परंपरा नहीं बल्कि स्त्री शक्ति के संकल्प और प्रेम का प्रतीक है। आंवला का सेवन आज के दिन अमृत तुल्य माना गया है। भजन मंडली ने जब जय लक्ष्मी मां, जय विष्णु भगवान का गान किया

- **लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में महिलाएं पूजा अर्चना कर की मंगल कामना**

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में ममता राणा, शिखा घोष, अलका सेंगर,रेखा जायसवाल,पूजा ठाकुर,प्रीति गुप्ता, सुनीता कुशवाहा,प्रीति दास,रेखा,पूनम जायसवाल,मुनिया सिंह,मीना विश्वकर्मा, प्रमिला कपूर, नेहा,कल्पना शर्मा,मुनारी गुप्ता, रीता गुप्ता, सारिका,उर्मिला मिश्रा, गुड़यिा मिश्रा समेत अन्य मातृशक्तियां शामिल रही।

# बस्तर के विद्यार्थी तिरूपति के विज्ञान सम्मेलन में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भारतीय विज्ञान सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। तिरुपति में होने वाले इस सम्मेलन में स्नातक,स्नातकोत्तर व शोधार्थी प्रतिनिधित्व करेंगे। विश्वविद्यालय में लोक विज्ञान अध्ययन केंद्र की स्थापना संबंधी संकल्पना पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि आधुनिक और भारतीय ज्ञान परंपरा को साथ लेकर चलना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूजीसी ने भी अब जनरल एजुकेशन के माध्यम से इसी समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है।



### स्वदेशी विज्ञान जीवन का हिस्सा बने

विज्ञान भारती के संगठन मंत्री विवस्वान ने युवाओं से कहा कि वे संवाद और शोध के माध्यम से स्वदेशी ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाएं। महासचिव वरा प्रसाद कोला ने कहा कि विज्ञान किसी भी देश की प्रगति की रीढ़ है। हमारा स्वदेशी ज्ञान कभी पिछड़ा नहीं था बस उसे आधुनिक रूप में पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है। संचालन डॉ. कुश कुमार नायक ने किया।

# राशन तौल में डंडी, 1 किलो कम मिलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड मुख्यालय के राशन दुकान में उपभोक्ताओं को 35 किलो की जगह 34 किलो राशन मिलने की बात ग्रामीणों ने कही है । राशन कार्डधारी ग्रामीणों के अनुसार घर में तौलने पर 35 किलो नहीं रहता है। इस तरह गरीबों के चावल पर राशन दुकान संचालक द्वारा कांटा मार कर कम राशन दिया जा रहा है। ग्रामवासियों ने कहा कि इस बात की शिकायत उच्च अधिकारी से की जाएगी। इस संबंध में बकावंड के एसडीएम मनीष वर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। वर्तमान संचालक को हटाकर दूसरे राशन संचालक की नियुक्ति कर दी जाएगी ।

- **एसडीएम ने कहा, हटा देंगे दुकान संचालक**



# अनर्गल बयान देने वाले आरोपी को मिले दंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

क्रांतिकारी सेना के अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल, महाराज अग्रसेन और पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रति अमर्यादित बयान दिए जाने के विरोध में सिंधी समाज कोतवाली थाना पहुंचा। थाना प्रभारी भोला सिंह को सौंपे गए आवेदन में एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान सिंधी समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, सुंदर भोजवानी,सुनील दंडवानी,हरेश नागवानी,विशाल दूल्हानी, बृजलाल नागवानी, गुलशन माधवानी,अनिल हासानी,बसंत मेघानी,डुला लछवानी,मनोज मूलचंदानी,गोपाल तीथार्नी,सन्नी बजाज, निखिल कलवानी,विनोद मूलचंदानी,भीखम दूल्हानी, मयंक नत्थानी, गौरव लालवानी,रोहित हासानी,अमित गोविंदानी, गिरधारी संगतानी,संजय नत्थानी,नवीन नंदवानी और यश मेठानी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

- **सिंधी समाज ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**



### कठोर कार्रवाई हो

गुरुद्वारा से कोतवाली थाना तक पैदल मार्च करते सिंधी समाज के लोग थाना पहुंचे। ज्ञापन सौंपकर गिरफ्तार की मांग की गई।

**आदिवासी राहत शिविर में पनाह लेने आये, उधर जमीन दलालों ने 127 एकड़ जमीन उद्योगपति को बेच दी**

# आदिवासियों की जमीन में उद्योगपति का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सलवा जुडूम के दौरान आदिवासी जमीन घर बार छोड़कर शरणार्थी कैंप में रहने लगे, जिसका फायदा उठाकर रायपुर के उद्योगपति ने बुजुर्ग माता-पिताओं को बहला फुसला कर 127 एकड़ जमीन अपने नाम कर लिया। कांग्रेस विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर आदिवासियों से हड़पी गई जमीन को वापस दिलाने की मांग की है।

उन्होंने आज प्रेसवार्ता के दौरान आदिवासियों की जमीन हड़पने के मामले का खुलासा करते हुए बताया कि विकासखण्ड भैरमगढ़ के अन्तर्गत ग्राम बैल एवं धर्मा जो कि अबूझमाड़ से लगा हुआ इन्द्रावती नदी के उस पार का क्षेत्र है। वर्ष 2006-07 में ग्रामीण सलवा जुडुम अभियान के दौरान नक्सलियों से अपना औऱ अपने परिवार को सुरक्षित रखने भैरमगढ़ में बनाये गये शरणार्थी कैंप में रहकर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। सलवा जुडूम अभियान के दौरान कई आदिवासी परिवार के ऐसे भी बुजुर्ग है जो इस दौरान गांव छोड़ने को राजी नहीं हुए और अपने घरों में ही डटे रहे। कुछ वर्षों बाद माहौल शांत होने लगा। तब आदिवासी अपने मूल गांव में छोड़ आये जमीनों में खेती बाड़ी करने लौटने लगे, लेकिन जब उन्हें पता चला की जो जमीने वह छोड़ आये थे वो अब उनकी नहीं रही।



दरअसल आदिवासी माता पिता को चंद रुपयों का लालच देकर बहला फुसला कर स्थानीय जमीन दलालों ने राजधानी के एक उद्योगपति महेन्द्र गोयनका को औने-पौने दामों में खरीद-फरोख्त किया है। जिनकी जमीन है उनमें चेतन नाग पिता संपत नाग निवासी धर्मा 12 एकड़, घस्सू राम पिता लक्षिन्दर निवासी बैल 29 एकड़, पीला राम पिता गेटू निवासी बैल 18 एकड़, लेदरी सेठिया निवासी छोटेपली 40 एकड़, बीरबल पिता बेदे निवासी मरकापाल 10 एकड़, कुल 127 एकड़ जमीन है।



### जमीन वापस करे उद्योगपति

*विधायक ने कहा कि उद्योगपति जमीन वापस करें, क्योंकि आदिवासियों के पास जीवन यापन करने केवल जमीन ही है। जिसमें वह खेती-बाड़ी कर अपना गुजारा करते हैं।*



## खबर संक्षेप

### फरसगांव -पासंगी मार्ग पर पुल का निर्माण कार्य शुरू



**कोण्डागांव।** फरसगांव से पासंगी मार्ग पर नए पुल निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। निर्माण कार्य के चलते प्रशासन ने इस मार्ग पर चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। जिला प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की है। पासंगी और रांधना जाने वाले वाहन चालकों को चिचाड़ी या बोरगांव मार्ग से आवागमन करने की सलाह दी गई है। एसडीएम फरसगांव अश्वन पुसाम ने बताया कि पुल निर्माण कार्य के दौरान आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और प्रशासन को कार्य में सहयोग प्रदान करें। प्रशासन ने बताया कि पुल निर्माण कार्य पूरा होते ही मार्ग पर यातायात सुचारू रूप से बहाल कर दिया जाएगा। यह पुल क्षेत्र की सुविधाजनक और सुरक्षित आवाजाही को सुनिश्चित करेगा।

### आज प्रातः 7:30 बजे होगा एकता दौड़ का आयोजन

**कोण्डागांव।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को देशभर में एकता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोंडागांव जिला मुख्यालय में भी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए भव्य एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ प्रातः 7:30 बजे विकासनगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर जिला कोर्ट परिसर, नेशनल हाइवे, जयस्तंभ चौक, बाजार पारा होते हुए पुनः विकासनगर स्टेडियम में संपन्न होगी। इस दौरान देशभक्ति गीतों और नारों के साथ एकता का वातावरण निर्मित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए यह दौड़ युवाओं को राष्ट्र निर्माण और एकजुटता के प्रति प्रेरित करेगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी अधिकारी–कर्मचारियों, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थियों तथा गणमान्य नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस एकता दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### रजत जयंती वर्षः उद्यमिता जागरुकता शिविर आज से

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025–26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर राज्य के औद्योगिक विकास की उपलब्धियों से आम जन को अवगत कराने तथा युवाओं, महिलाओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उद्यमिता जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा यह शिविर 31 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत 31 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, कोंडागांव में, 3 नवम्बर को जनपद पंचायत सभा कक्ष, केशकाल में तथा 7 नवम्बर को जनपद पंचायत सभा कक्ष, फरसगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### बाढ़ और अतिवृष्टि से बचाव के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कोण्डागांव।** जिले में बाढ़ और अतिवृष्टि से बचाव एवं राहत कार्यों की निगरानी के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष को जिला कार्यालय, कोंडागांव के कक्ष क्रमांक 38 में स्थापित किया गया है। यह कक्ष लगातार 24 घंटे सक्रिय रहेगा, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में नागरिक तत्काल सूचना देकर सहायता प्राप्त कर सकें। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के निर्देशानुसार स्थापित नियंत्रण कक्ष में बाढ़, अतिवृष्टि, जलभराव या किसी भी आपात स्थिति में दूरभाष क्रमांक पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है।

# कबड्डी में लिगेश्वरी क्लब और वॉलीबॉल में नारायणपुर विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के कान्हारगांव में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी में 36 टीमों ने भाग लिया, जिसमें लिगेश्वरी क्लब झाटीटबन आलोर ने 12 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार और कोरगांव विश्रामपुरी ने 6 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार जीता। महिला वर्ग कबड्डी में 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें मांझीआठगांव ने 3 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार और गलपारा गवाड़ी ने 1,700 रुपये का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 14 टीमों ने भाग लिया। नारायणपुर ने 8 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि थाना उरंदाबेड़ा ने 5 हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

**एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी व बॉलीबाल स्पर्धा**

#### हार जीत जीवन का हिस्सा मेहनत करते रहनाः नाग

एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि जयलाल नाग ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत का ताज एक ही को मिलता है, लेकिन हार-जीत जीवन का हिस्सा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मेहनत जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कामयाबी एक दिन जरूर मिलेगी। कबड्डी हमारा पारंपरिक खेल है और इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने खेल के प्रति समर्पित रहें और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करें।



#### ये रहे मौजूद

*अध्यक्षता दिनेश नेताम सरपंच ग्राम पंचायत कान्हार गाँव ने किया, विशेष अतिथि निर्मल नाग जपं सदस्य फरसगांव, उपसरपंच तुलसीराम नाग, पनाऊ राम नाग, ग्राम पटेल निरगुराम नाग, कांतिलाल शार्दूल, प्रताप मरापी, गुमनसिंह नाग, नाथू राम सेठीया, रानुराम देवांगन, मँगाऊराम सरपंच उरंदाबेड़ा, देवसिंह गोटा सरपंच मोदे, ललित शोरी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कोनगुड़, बुधसन मरापी, रंगनाथ देवागन, श्यामलाल नाग, विजय नेताम, मगिय राम मंडावी, जयलाल मरापी समेत समस्त आयोजन कर्ता व ग्रामवासियो की उपस्थिति रही।*

## आयोजन: डड़सेना कलार समाज ने मनाई संभाग स्तरीय सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

# सभी लोग एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाएंः स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के अवसर पर आज डड़सेना कलार समाज का नगर में संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान कलार समाज ने बस्तर के पारंपरिक मांदरी नृत्य के साथ स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया। जहां सर्वप्रथम मंत्री जायसवाल ने कलार समाज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। ततपश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंच कर समाज के लोगों से मुखातिब होकर समाज हित के लिए कई घोषणाएं भी की। इस दौरान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, नपंच अध्यक्ष प्रशांत पात्र, समाज के अध्यक्ष पुरषोत्तम गजेंद्र समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी व हजारों की संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान समाज को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की तारीफ करते हुए सभी लोगों को एजकुट होकर समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कलार समाज के लिए विभिन्न गांव में सामाजिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की घोषणा भी की है।

- कार्यक्रम में युवाओं को शिक्षा रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति करते हैं प्रेरित



#### भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रेरणा

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन को कलार समाज अपने आराध्य देव के रूप में पूजता है वे शक्ति, साहस और न्याय के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी जयंती पर समाज के लोग पूजा-अर्चना, भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक भोजन जैसे आयोजन करते हैं। फरसगांव में भी इसी परंपरा का पालन किया गया।

#### समाज में बढ़ेगा आत्मबल और संगठन



समाज के युवाओं ने बताया कि यह आयोजन एक अवसर है जब सभी एक मंच पर आकर समाज की एकजुटता और संगठन शक्ति को प्रदर्शित करता हैं नई पीढ़ी के लिए यह कार्यक्रम प्रेरणा का स्रोत बना। कार्यक्रम में समाज की उपलब्धियों का सम्मान भी किया गया और युवाओं को समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

#### ग्रामीणों इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि शहरी के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। वर्तमान में प्रत्येक सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जहां कहीं किसी कारणवश डॉक्टर नहीं हैं, वहां भी जल्द ही डॉक्टरों की पोस्टिंग की जाएगी।

#### कार्यक्रम सामाजिक एकता और प्रगति का प्रतीक

डड़सेना कलार समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह जयंती सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के भीतर एकता, शिक्षा और सामाजिक विकास का संदेश देने का अवसर भी है। हर साल समाज के लोग इस दिन एकत्र होकर अपने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करते हैं। इस बार नया भवन समाज का लोकार्पण एक स्थायी पहचान बना. जहां सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## यादव समाज ने धूमधाम से मनाया गोपाष्टमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर में यादव समाज द्वारा हर वर्ष बड़े ही धूमधाम से गोवर्धन पूजा की जाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 29 अक्टूबर को बड़े धूमधाम से गोवर्धन पूजा की गई। समाज की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता, अखण्डता समरसता को सहजते हुए हर्षोल्लास के साथ नगर में स्थित तालाब किनारे गोवर्धन पूजा स्थल पर पूजन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम राउत नाचा की अपनी पारम्परिक वेशभूषा के साथ कला का प्रदर्शन करते हुए राधा कृष्ण की झाँकी के साथ छोटे छोटे बच्चों को भगवान श्री कृष्ण एवं बलराम की आकर्षक वेशभूषा में सजाया गया। समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गाजे बाजे के साथ नृत्य करते हुए कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भ्रमण के दौरान जगह जगह नागरिकों द्वारा इनकी पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पूजा स्थल पर भगवान श्री कृष्ण का पारंपरिक रूप से हवन पूजन कर पूजा अर्चना की गई। विधि विधान पूर्वक गौमाता को खिचड़ी सेवन, दहीलूट सहित अन्य विभिन्न रस्म को पूर्ण किया गया। तत्पश्चात समाज के लोगों द्वारा भंडारे का भव्य आयोजन किया गया । साथ ही रात में बच्चो के लिए रिकॉर्डिंग डान्स प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ । इस दौरान कार्यक्रम में यादव समाज के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , पदाधिकारी सहित भारी संख्या मे समाज के लोग सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## आवराभाटा चौक में चार ट्रक टकराए, एक का चालक फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 आवराभाटा चौक में एक ही जगह पर चार ट्रक आपस में टकरा गए है। हादसे में एक ट्रक का चालक ट्रक में ही फंसा हुआ है। जानकारी अनुसार मंगलवार की रात में आवराभाटा चौक में रोड किनारे खड़ी ट्रक के पीछे टकराया। इस हादसे में पीछे के ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वही इस हादसे के चलते बुधवार की सुबह 7:30 बजे उसी जगह पर दो ट्रक की आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक का चालक ट्रक में ही फंसा हुआ है। जिसके मौके उपस्थित लोगों के द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे के बाद उस जगह पर थोड़ी देर के लिए जाम कि स्थिति बन गई थी। लेकिन फरसगांव पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त ट्रक को रोड से हटवाया गया जिसके बाद वाहनों का आवागमन पहले की तरह सुचारू रूप से हो पाया।

- दो आमने-सामने और दो ट्रकों की आगे- पीछे भिड़त
- घंटों मशक्कत के बाद निकाला गया चालक



#### चालक था नशे में धुत ओवरटेक के चलते हुआ हादसा

बुधवार की सुबह हुए हादसे ने जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे ट्रक का चालक नशे में धुत बताया जा रहा है। हादसे ने बाद चालक ट्रक में थोड़ी देर फंसा हुआ था। इसी चालक के द्वारा ओवर टेक करने का प्रयास कर रहा था जिसके चलते समाने से आ रही ट्रक के साथ टक्कर हो गई।

## टेकाम ने छात्र की आकस्मिक मृत्यु पर परिजनों को दिया सहायता राशि का चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक मुख्यालय में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चिचाड़ी के कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले छात्र ग्राम लंजोडा सल्पीपदर निवासी यशवन्त मरकाम ने आवासीय विद्यालय के अपने कमरे की खिड़की में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस आकस्मिक मृत्यु पर सरकार के योजना अनुसार मृतक के परिजनों को फरसगांव एसडीएम कार्यालय में आर्थिक सहायता अनुदान राशि के रूप में 5 लाख का चेक विधायक नीलकंठ टेकाम ने दिया। इस मौके पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने मृतक के परिजनों से कहा, "पैसे से अपनों की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती, लेकिन यह सहायता निश्चित ही परिवारों के जीवनयापन के लिए सहारा बनेगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवारों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम, तहसीलदार जयकुमार नाग, एकलव्य आदर्श विद्यालय चिचाड़ी की प्राचार्य श्रीमती अनीता मंडावी, लंजोड़ा सरपंच सुनील नेताम, प्रवीण राव समेत अन्य उपस्थित रहे।

#### पुत्र वियोग में बीमार पिता की हुई मौत

परिजनों के अनुसार यशवंत मरकाम की मौत के करीब एक सप्ताह के बाद उसके पिता सुकलाल मरकाम की मौत हो गई। छात्र यशवंत मरकाम के पिता बीमार थे। अपने पुत्र की मौत की खबर से वे और दुखी व चिंतित हो गए, उन्हें यह बात अंदर अंदर खाती रही की उनका पुत्र ऐसा कदम क्यों उठाया होगा, अपने मृतक पुत्र को बहुत याद करते थे, इसी दौरान 30 सितंबर को उनकी मौत हो गई ।

## एसपी वाय. अक्षय के कार्यकाल में जनता और पुलिस के बीच दूरी घटी, भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव का वातावरण बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के रायपुर मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक पद पर स्थानांतरण होने पर सर्व समाज जिला कोंडागांव के तत्वावधान में सम्मान एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 63 समाजों के अध्यक्ष, संरक्षक और समाज प्रमुखगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के कार्यकाल में जिले में कानून–व्यवस्था सुदृढ़ और पारदर्शी रही। वे आम नागरिकों से सीधा संवाद और शिकायत निवारण के लिए सदैव उपलब्ध रहते थे। उनके कार्यकाल में जनता और पुलिस के बीच दूरी घटी, और भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव का वातावरण बना। सर्व समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि "ऐसे जिम्मेदार और संवेदनशील अधिकारी विरले होते हैं, जो जनता से सीधे जुड़े रहते हैं। सर्व समाज ने वाय. अक्षय कुमार को स्मृति चिन्ह, शाल–श्रीफल और बस्तर आर्ट बेलमेटल मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान के दौरान समाज प्रमुखों के भावुक क्षण देखने को मिले। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन धंसराज टंडन द्वारा किया गया।

- निवर्तमान पुलिस अधीक्षक का सम्मान समारोह
- स्थानांतरण पर सर्व समाज ने दी भावपूर्ण विदाई



**कोंडागांव हमेशा यादगार रहेगा, ज्वाइनिंग के दिन पुत्र हुआ-** एसपी वाय. अक्षय कुमार ने कहा कि "कोंडागांव मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा, क्योंकि जिस दिन पदभार ग्रहण किया, उसी दिन मेरे पुत्र का जन्म हुआ। अपने कार्यकाल में उन्होंने चार हजार से अधिक नागरिकों से सीधे मिलकर समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। शिकायतों पर फोन कॉल से भी तत्काल कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा प्रशासनिक स्थानांतरण स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन कोंडागांव की जनता का प्रेम कभी नहीं भूलूंगा।

**अधिकारियों और समाजजनों की रही उपस्थिति** – कार्यक्रम में धंसराज टंडन जिला अध्यक्ष सर्व समाज, बंगाराम सोढ़ी, डी.एस. साहू, एम.डी. बघेल, आर.के. जैन, विक्टर डेनियर, सी.एल. मेश्राम, लखमू राम टंडन, मनमोहन नाग, रमाकांत महाजन, पी.एल. ठावरे, प्रेमसिंह नाग, जितेंद्र सुराना सहित सैकड़ों समाज प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले के 5556 हितग्राहियों के गृहप्रवेश की तैयारी

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ को रजत महोत्सव के रूप में पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन राज्यभर में किया जाएगा।

राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सांकेतिक रूप से 3.51 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराएंगे। कार्यक्रम में कोण्डागांव जिले के 5556 हितग्राही भी शामिल होंगे। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2016 से 2026 तक कोण्डागांव जिले में कुल 42,623 आवास स्वी—त किए गए हैं, जिनमें से 21,356 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस बार 5,556 नवीन आवासों का गृह प्रवेश कराया जाएगा। आत्मसमर्पित नक्सल पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की विशेष परियोजना मद से 166 परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से दो आवास पूर्ण कर लिए गए हैं इनका भी गृह प्रवेश कार्यक्रम में आयोजन किया जाएगा। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए जनमन योजना अंतर्गत तीन आवास पूर्ण कर लिए गए हैं।

**हर घर में पारंपरिक रीति से गृह प्रवेश समारोह** – राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को प्रदेश भर में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर सभी नवनिर्मित घरों में रंगोली सज्जा, दीप प्रज्वलन और पारंपरिक विधि–विधान से गृह प्रवेश किया जाएगा। विकासखंडवार आवास पूर्णता की स्थितिबड़ेराजपुर 1,015 आवास, केशकाल 1,110 आवास, कोंडागांव 1,180 आवास, माकडी 909 आवास, फरसगांव रू 1,342 आवास। शेष आवासों का कार्य तीव्र गति से जारी है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिलेभर में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

# कुपोषण दूर करने के लिए सामुदायिक सहभागिता बहुत ही जरूरीः नुपूर राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत "सुपोषित जीवन अभियान" संबंधी जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सभी सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीडीपीओ एवं फील्ड विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने निर्देश दिए कि प्रत्येक कुपोषित बच्चे के लिए एक पोषण साथी नियुक्त किया जाए। वह बच्चे के स्वास्थ्य की निगरानी कर निर्धारित आहार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सामुदायिक सहभागिता बेहद जरूरी है, ताकि कुपोषण को जड़ से समाप्त किया जा सके। कलेक्टर ने सभी सुपरवाइजर को अपने–अपने क्षेत्रें की आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने और पोषण व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने अभिभावकों को बच्चों की देखभाल के लिए प्रेरित करने और पंचायतों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के जिला लीड प्रदीप राव ने सुपोषित जीवन अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं समुदाय स्तर पर चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों का निर्माण और पोषण व्यवहार में सुधार लाना है।




#### मशाल रैली और गोद लेने की प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी सप्ताह में मशाल रैली, गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पीएम मैपिंग, तथा गोद लेने की प्रक्रिया सभी ब्लॉकों में एक साथ प्रारंभ की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि सुपोषित जीवन अभियान को जन–आंदोलन के रूप में सफल बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी, सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस्तर ओलंपिक संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोकापाल



तोकापाल ब्लाक के ग्राम पंचायत बड़े मोरठपाल में आज जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेलों का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल थे। जिन्होंने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ दीप प्रज्वलन कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, खिलाड़ी, ग्रामवासी और स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत तोकापाल ब्लॉक की 13 ग्राम पंचायतों के खिलाड़ी शामिल हुए। खेलों के प्रति ग्रामीण युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपने-अपने पंचायतों का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, ऊंची कूद सहित कई अन्य पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों की प्रतिस्पधाएं शुरू हुईं।

विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल का आयोजन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक है। यह आयोजन युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से नशामुक्त जीवन जीने और खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक बैदुराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद सदस्य शांति नाग, चंपा नाग, सुमित्रा कश्यप, पदमा मौर्य, सुकरी करटामी, कनेर कश्यप, विजय कश्यप, बसंती मौर्य, तीरण बघेल, सागरमनी गुप्ता, सामो बघेल, सोनसाय कश्यप, चन्द्रावली पुजारी, दूतिका सेठिया, बालो बघेल, मोहन, रूकधर, पाकलु एवं अन्य सरपंच, पंच, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, खेल शिक्षक अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। जिले में खरीदी कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने, बारदानों की व्यवस्था, धान के उठाव एवं निराकरण सहित संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा विभिन्न केंद्रों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसके तहत बीजापुर के लिए जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी, नैमेड़ के लिए एम.एस. कुसरे उप संचालक कृषि, गंगालूर के लिए उत्तम कुमार भारती सहायक खाद्य अधिकारी, तोयनार के लिए चिरंजीव कुमार खनिज अधिकारी तथा धनोरा के लिए योगेश कुमार साहू, कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### तोकापाल में कैरियर व स्टार्ट अप कार्यशाला



**तोकापाल।** शहीद हरचंद नाईक शा. महाविद्यालय तोकापाल में कैरियर एवं स्टार्ट अप छत्तीसगढ़ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर से डॉ.तुलिका शर्मा और डॉ. रश्मि देवांगन ने स्टार्ट अप के संदर्भ में वृहद रूप से जानकारी दिए तथा अपने नवाचार आइडिया 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के समस्त छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप पोर्टल में अपलोड करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्रदान किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टीआर रात्रे के द्वारा किया गया तथा उपस्थित लगभग 200 से 250 विद्यार्थियों को नवाचार आइडिया के साथ स्टार्टअप करने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने अपने कैरियर के लिये सुनहरा मौका दिलाने के लिये सरकार राज्यउत्सव में उनको मौका दिया जायेगा और उनके आडियज को दिखाया जायेगा।

### राज्योत्सव का होगा गरिमामय आयोजन

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान नियद नेल्लानार योजना के तहत नव स्थापित सुरक्षा कैम्पों के अंतर्गत आने वाले गांवों का सर्वेक्षण, सैचुरेशन शिविरों की प्रगति, तथा अधोसंरचना निर्माण से जुड़ी जानकारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग, सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित सभी प्रमुख विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## निधन

### एचके सोना

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एचके सोना का आज आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज 11 बजे करकापाल स्थित क्रिस्चियन कब्रिस्तान में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग तथा कांग्रेसी मौजूद रहे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### ओलंपिक के आयोजन व खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं के दिए निर्देश

# बस्तर ओलंपिक पर मुख्य सचिव ने संभागायुक्त सहित सभी कलेक्टरों की ली वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

प्रदेश के मुख्य सचिव विकासशील द्वारा गुरुवार को बस्तर ओलंपिक के परिप्रेक्ष्य में बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह सहित बस्तर सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव एवं कांकेर के जिला कलेक्टरों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए।

- जिला स्तरीय खेल 5 से 15 नवंबर के बीच होगा



इस बैठक के एजेंडे में शासन द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार विकासखण्ड जिला एवं संभाग स्तरीय खेल आयोजन, विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्व, राज्य शासन द्वारा मार्गदर्षिका अनुसार खेल आयोजन हेतु शासन द्वारा प्राप्त निधियों सहित अन्य मसलें शामिल थे। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि निर्धारित समय सारणी अनुसार तीनों स्तरों के खेल का प्रारंभ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके अलावा सभी स्तरों के खेल आयोजनों में समुचित व्यवस्था एवं खिलाड़ियों हेतु बेहतर सुविधाओं को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। बैठक में कमिश्नर बस्तर ने अंतिम पंजीयन स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि सभी सात जिलों से कुल प्राप्त पंजीयन की संख्या 3 लाख 91 हजार 2 सौ 57 है जो कि एक रिकॉर्ड है, उन्होंने बताया कि बस्तर ओलंपिक के प्रारंभिक विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रारंभ हो चुके हैं। इसके अलावा जिला एवं संभाग स्तरीय खेल भी निर्धारित समयानुसार प्रारंभ होंगे इसके लिए संभाग के सभी जिलों में पूरी तैयारियां की जा चुकी है।

सनद रहे कि बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने सहित उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक की शुरुआत वर्ष 2024 से की गई है। गृह और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में वर्ष 2025 हेतु पंजीयन का शुभारंभ 22 सितंबर से किया गया है। इसके अन्तर्गत एथलेटिक्स तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी केवल जिला स्तर, रस्साकसी कंवल महिला सीनियर वर्ग), वेटलिफ्टिंग जिला स्तर पर, कराटे, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल खेल शामिल किए गए हैं। प्रतियोगिता हेतु आयु वर्ग जूनियर वर्ग 14-17 वर्ष, सीनियर वर्ग आयु वर्ग नहीं निर्धारित है।

आयोजन के स्तर विकासखंड, जिला एवं संभाग में होगा। इसके लिए तिथियों का निर्धारण पंजीयन हेतु 22 सितंबर में 20 अक्टूबर के मध्य किया गया। साथ ही बस्तर ओलंपिक का आयोजन के तहत विकासखण्ड स्तरीय 25 अक्टूबर से 5 नवंबरके मध्य होगें, जबकि जिला स्तरीय खेल 5 नवंबर से 15 नवंबर के बीच तथा संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 24 नवंबर से 30 नवंबर के मध्य आयोजित किया जायेगा।

# भेंडा भाजी फसल से किसानों को मिलेगा बेहतर मुनाफा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा

बस्तर जिले में वर्ष 2025-26 से नई फसल भेंडा भाजी, खटा भाजी, जिरा भाजी" की खेती शुरू की जा रही है। यह वर्षा आधारित फसल है, जो कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली मानी जा रही है।



छोटे किसानों के लिए उपयुक्त इस फसल की विशेषता यह है कि इसकी उत्पादन लागत बहुत कम और बाजार मूल्य अपेक्षाकृत अधिक है। कृषि विभाग के अनुसार, वर्ष 2025-26 में बीज का मूल्य 2000 रुपए प्रति क्विंटल तथा भेड़ा टोपा सूखा उत्पाद का मूल्य 10,000 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

वहीं वर्ष 2026-27 में भेड़ा टोपा का दर बढ़कर 13,000 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक एकड़ भूमि से औसतन 3 से 4 क्विंटल सूखा भेड़ा टोपा प्राप्त होता है, जिससे किसानों को प्रति एकड़ लगभग 50,000 रुपए तक की आय हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, बस्तर की जलवायु और मिट्टी इस फसल के लिए बेहद उपयुक्त है।

इससे किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। स्थानीय किसान लल्लूराम बघेल ग्राम पंचायत घाटलोहंगा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2025 में 2 एकड़ भूमि में भेंडा भांजी की खेती शुरू की है। वे आयुर्वेदिक कंपनियों से जुड़े हुए हैं और उन्हें भेड़ा भाजी बीज व टोपा सप्लाई एजेंट भी बनाया गया है। लल्लूराम बघेल का कहना है कि यह फसल किसानों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी।

# अग्रवाल समाज मिला गृहमंत्री से, की अमित बघेल के गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर





महाराजा अग्रसेन जी के विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में जगदलपुर में अग्रवाल समाज के सदस्यों ने भारी आक्रोश व्यक्त किया। बड़ी संख्या में समाज के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सदस्य अमित बघेल के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए नगर निरीक्षक, सिटी कोतवाली जगदलपुर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही नगर में मौजूद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा को भी सामूहिक निंदा पत्र सौंपते तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की।

- पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच सौंपा सामूहिक निंदा पत्र

अग्रवाल समाज द्वारा सौंपे गए आवेदन के अनुसार, आरोपी अमित बघेल ने 26 अक्टूबर को एक मीडिया बयान में जानबूझकर उनके आराध्य देव महाराजा अग्रसेन जी के लिए अत्यंत अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया, जिससे अग्रवाल और व्यापक हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं। अग्रवाल समाज, जगदलपुर के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कृत्य सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने और प्रदेश में जातिगत एवं धार्मिक शत्रुता को बढ़ावा देने के दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाता है।

शिकायत के समर्थन में, समाज ने बयान के वायरल वीडियो मीडिया क्लिप को साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया है और प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो अग्रवाल समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। पुलिस प्रशासन ने एवं गृहमंत्री ने अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों से ज्ञापन स्वीकार कर लिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने कृषि की अहम भूमिका : निगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

कृषि उत्पादन आयुक्त ने संभाग स्तरीय खरीफ समीक्षा सहित रबी तैयारी की समीक्षा कर कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।



विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों, दलहन-तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रीत करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मद्देनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने दंतेवाड़ा में संभाग स्तरीय समीक्षा में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों को दिए।

- बीज उत्पादन के लिए महिला कृषकों को जोड़ने पर बल

कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने बस्तर के किसानों की बीज की मांग को स्थानीय स्तर पर पूर्ति करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों सहित महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि इन वर्गों के किसानों को बीज प्रमाणीकरण पंजीयन शुल्क से छूट प्राप्त है। बीज उत्पादन कार्यक्रम से उक्त वर्ग के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पहल करें।

### बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब

कृषि उत्पादन आयुक्त ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्चहन भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। साथ ही साग-सब्जी की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतएव भविष्य में खाद्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बस्तर में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहन दिया जाए।

### दलहन की खेती को बढ़ावा देने पर बल

रबी सीजन में दलहन की खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि पीएम आशा योजनांतर्गत उड़द, अरहर एवं मसूर का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया जा रहा है। इसे मद्देनजर रखते हुए पीएम आशा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इन दलहन फसलों की खेती एवं भरपूर उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने किसानों को इन दलहनों के साथ ही चना, मूंग का बीज और अन्य आदान सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सरसों एवं सूरजमुखी जैसे तिलहन फसलों के रकबा विस्तार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में योजनाओं के कारगर कार्यान्वयन हेतु फोकस करने कहा। बैठक में कांकेर, बस्तर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर के कलेक्टर ने अपने जिले में कृषि तथा संबंधित विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति से अवगत कराया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में संचालक कृषि राहुल देव, संचालक पशुपालन चन्द्रकांत वर्मा, प्रबन्ध संचालक छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम अजय अग्रवाल, संचालक मत्स्यपालन नारायण सिंह नाग सहित सभी जिले के सीईओ जिला पंचायत और कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, जल संसाधन, सहकारिता विभागों के अधिकारियों सहित विद्युत वितरण कम्पनी, क्रेडा, मार्कफेड, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा उद्यानिकी महाविद्यालय के वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# युवाओं को मिलता हैं प्रतिभा दिखाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा



दरभा मुख्यालय में एक दिवसीय जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में बुधवार को परंपरागत विधि-विधान से धरती माता की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद 100 मीटर दौड़ का फीता काटकर प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मैदान में खेल भावना और सांस्कृतिक एकता का अनोखा संगम देखने को मिला। ब्लॉक के 200 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अतिथि दरभा सरपंच श्यामबत्ती नाग, सीताराम नाग, जयदेव नाग, अर्जुन बघेल, एवं अन्य जनप्रतिनिधि थे। इस अवसर पर कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, दौड़ (100-200-400 मीटर), लंबी, ऊंची कूद, भाला व गोला फेंक, रस्साकशी, तीरंदाजी, फुगड़ी, गेंड़ी दौड़ जैसे पारंपरिक और एथलेटिक खेलों का आयोजन हुआ। अतिथियों ने कहा ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें ब्लॉक, जिला, संभाग तथा राज्य स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं।

इस मौके पर जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर, पतिराम कोडपी, संस्था के प्राचार्य एमजी काची, निराला एवं सुखमन नाग एवं अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

### किसानों की शिकायतों के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा द्वारा विज्ञप्ति अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य आगामी माह नवम्बर से प्रारंभ होने संभावित है। इस दौरान किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत होने पर सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07856-252412 है। धान खरीदी अवधि समाप्त होने तक नियंत्रण कक्ष में किसानों से प्राप्त शिकायतों को दर्ज करने, आवश्यक सलाह देने एवं संबंधित विभाग को अवगत कराने हेतु लोकांश एलमा, डिप्टी कलेक्टर, को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए निगरानी दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि 15 नवम्बर से प्रारंभ होने जा रही है। इस दौरान पड़ोसी राज्यों से धान लाकर जिले के खरीदी केन्द्रों में विक्रय किए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी दल गठित किया गया है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार सीमावर्ती जिलों में राज्य की सीमा पर चेकिंग दल तैनात किए जाएंगे, जो धान की अवैध आवक पर निगरानी रखेंगे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में भी धान खरीदी की प्रक्रिया पर सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

वहीं पामेड़, बासागुड़ा एवं उसूर क्षेत्रों के लिए भूपेन्द्र कुमार अनुविभागीय अधिकारी असूर, अंकित सिंह राजपूत नायब तहसीलदार उसूर, पंकज बरूआ खाद्य निरीक्षक उसूर, हेमंत कुमार कुर्राम सहकारिता निरीक्षक एवं छोटेलाल यादव नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बीजापुर को निगरानी दल में शामिल किया गया है। इसी तरह भोपालपटनम ब्लॉक के अंतर्गत भद्राकाली, वरदली, भोपालपटनम एवं बारेगुड़ा के लिए लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार, अनिल कुमार तारम सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाए बीजापुर, राकेश कुमार खत्री खाद्य निरीक्षक एवंटामेश सिंह नागवंशी जिला विपणन अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सभी स्तरों पर सतर्कता बरती जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चोकावाड़ा में चर्च निर्माण का बजरंग दल ने किया विरोध



**जगदलपुर।** नगरनार क्षेत्र के ग्राम चोकावाड़ा में नजूल शासकीय भूमि पर अवैध रूप से चर्च निर्माण और पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। बजरंग दल ने तहसीलदार को मांगपत्र सौंपकर अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मांगपत्र में उल्लेख किया कि शासकीय भूमि में चर्च निर्माण अनुचित है। मांग की गई है कि प्रशासन जांच कराए और निर्माण कार्य पर रोक लगाए । पांचवीं अनुसूची लागू है इसलिए ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य होती है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र संज्ञान नहीं लिया, तो आंदोलन प्रारंभ करने बाध्य होंगे। मांगपत्र सौंपने वालों में विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल,जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, सह संयोजक सनी रैली, गौ संवर्धन प्रमुख विष्णु ठाकुर,नगर अध्यक्ष प्रतीक सिंह गुरु, अजय सिंह, तमिश राव,पवन राजा,अनिल राजपूत एवं इंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### छठ पर्व...



दंतेवाड़ा। नगर के डंकनी नदी के किनारे छठ पर्व में उगते सूरज को अर्घ्य महिलाओं ने दी।

# विधायक से मिला पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- अयोध्या में 20 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन का दिया आमंत्रण

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, बस्तर संभाग का प्रतिनिधि मंडल आज छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक किरण सिंह देव से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट करने पहुंचा। संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने आगामी 20 दिसंबर को अयोध्या में आयोजित होने वाले भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में विधायक देव को आमंत्रित किया। विधायक किरण सिंह देव ने अधिवेशन के उद्घाटन या समापन समारोह में शामिल होने का भरोसा संगठन को दिलाया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मुद्दों से भी विधायक को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों में किशोर कुमार जाधव, शिव कुमार मिश्रा, एलएस.नाग, राजेंद्र देवांगन, सुमन सिंह ठाकुर, शिवप्रताप सिंह ठाकुर, एमडी राठौर, सुरेश दलाई,पीसी जैन,रेखा सेन, केबेलसरिया, जयमनी ठाकुर,सरोज साहू एवं रामकुमारी नेताम शामिल रहीं।



### अयोध्या अधिवेशन की तैयारी तेज

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देशभर से पेंशनर्स के प्रतिनिधि 20 दिसंबर को अयोध्या में जुटेंगे। इस अधिवेशन में संगठन के भविष्य की रूपरेखा और पेंशनरों की समस्याओं के समाधान पर मंथन होगा।

## मृतक के भाई को हमनाम होने के कारण रजिस्ट्री ऑफिस लेकर कर दी ब्रिकी

# धोखाधड़ी कर दलालों ने बेवा की जमीन रसूखदार कांग्रेसी नेता को औने पौने दाम में बेची

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- धुरवा समाज ने परपा थाना में रिपोर्ट कर दलालों और क्रेता से जमीन वापसी की मांग की

पीड़ति शिकायतकर्ता सुबो पति स्व. लक्ष्मण सिंह नाग उर्फ मन्नु जाति धुरवा, निवासी हिकमीपारा, एवं आवेदक लक्ष्मन नाग पिता स्व. शिबो नाग, निवासी ग्राम कोरटा तहसील बकावण्ड से प्राप्त शिकायत के अनुसार आवेदिका के पति ने शासकीय नौकरी में रहते अपने स्वयं के नाम पर ग्राम घाटपदमुर, भाटागुड़ा, तहसील जगदलपुर के खसरा नम्बर 48/12 एवं 66/2 में रकबा 2.20 एकड़ (0.890 ऐक्टेयर) भूमि जो वर्तमान में खसरा नं. 671 रकबा 0.930 ऐक्टेयर भूमि वर्ष 1991-1992 में क्रय किया था। रजिस्ट्री पेपर में क्रेता का नाम लक्ष्मण था लेकिन त्रुटिवश लक्ष्मन अंकित हो गया था जिसे अपने जीवनकाल में उक्त त्रुटि को सुधार नहीं कर पाया। उसकी मृत्यु गत वर्ष 20 अक्टूबर 2024 को हुआ है। उसके बड़े भाई लक्ष्मन नाग ग्राम कोरटा में निवास कर रहा है।

जमीन दलाल गोपीसिंह ठाकुर पिता महादेव सिंह ठाकुर निवासी भेजरीपदर, विमल नाग पिता फगनू, निवासी ग्राम कुम्हरावण्ड तथा खगेश्वर कश्यप पिता जयराम कश्यप, निवासी ग्राम कोरटा, गंगा ठाकुर उर्फ मुन्ना पिता महादेव, ग्राम घाटपदमुर के द्वारा यह जानते हुए कि दोनों भाईयों का नाम एक समान है कहते हुए लक्ष्मण सिंह की जमीन को कांग्रेसी नेता सूरज कश्यप पिता दशरथ कश्यप से मात्र 20 लाख रुपए में बेचने के उद्देश्य से मृतक लक्ष्मण सिंह के बड़े भाई लक्ष्मन नाग पिता शिबो को धोखा देकर भूमाफिया और दलालों ने राजस्व रिकार्ड निकालकर लक्ष्मन को रजिस्ट्री ऑफिस में पेश कर क्रेता सुरज कश्यप पिता दशरथ कश्यप के नाम पर रजिस्ट्री 16 जुलाई 2025 को किया गया। लक्ष्मन नाग के बैंक खाते में 1 अगस्त 2025 को 5 लाख जमा किया गया। तत्काल उसी दिन दलाल खगेश्वर कश्यप ने बैंक में ले जाकर 5 लाख निकालकर केवल 2 लाख लक्ष्मन नाग को दिया और शेष 3 लाख रुपए खगेश्वर कश्यप भूमि दलाल स्वयं रख लिया। सुबो नाग पति स्व. लक्ष्मण सिंह नाग ने पति के मृत्यु उपरान्त उसकी विधिक वारिश का नामान्तरण करवाने तहसील कार्यालय, जगदलपुर गई । तब उन्हें मालूम हुआ की जमीन की बिक्री हो चुका है। पति के बड़े भाई जिनका नाम लक्ष्मन पिता शिबो को भू-माफिया और दलाल गांव से लाकर जमीन की रजिस्ट्री सुरज कश्यप के नाम पर बेच दिये । इस मामले की रिपोर्ट परपा थाना में आवेदक लक्ष्मन ने क्रेता एवं जमीन दलालों के खिलाफ दर्ज कराया गया था।

### जालसाजों पर कार्यवाही के लिए धुरवा समाज आया सामने

कोई कार्यवाही नहीं होने से धुरवा समाज के समक्ष समस्या के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत की गई है। उक्त जमीन वर्तमान परिस्थिति में करोड़ों रुपए की है। यह जमीन क्रेता सूरज कश्यप एवं इस जालसाजी में शामिल भू-माफिया एवं जमीन दलालों पर कड़ी कार्यवाही के लिए धुरवा समाज मांग कर रहा है। समाज के अध्यक्ष पप्पूराम नाग, महासचिव डॉ गंगाराम कश्यप धुर , सचिव त्रिनाथ नाग, उपाध्यक्ष राजू नाग तथा कोषाध्यक्ष सोनसारी बघेल ने जमीन रजिस्ट्री निरस्त कर गरीब विधवा को वापिस करने की मांग की है।

### दलालों के साथ क्रेता ने धमकाया

आवेदक को क्रेता एवं दलालों के द्वारा डरा धमकाकर उसी दिन शिकायत वापस दिलाया गया। तत्पश्चात सूरज कश्यप द्वारा 30 अगस्त 2025, 1 सितम्बर 2025 एवं 27 सितम्बर 2025 को 5-5 लाख लक्ष्मन नाग के खाते में जमा किया गया है। मृतक का बड़ा भाई लक्ष्मन पिता स्व. शिबो उक्त भूमि के बारे में अनभिज्ञता एवं स्पष्ट तौर पर भू-माफिया और दलालों को कहा कि मैंने कोई जमीन नहीं खरीदा है। इसके बावजूद उसे रजिस्ट्री आफिस लेकर आये और फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराया गया है।

# बहरीन में शानदार खेलकर लौटे युवराज का जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बहरीन के एशियन यूथ गेम्स में म्यूथाई खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर गौरवशाली सातवें स्थान पर रहे युवराज सिंह राजपूत और उनके पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत का आज रायपुर लौटने पर राज्य म्यू थाई संघ, विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी और खेल प्रेमियों ने रेल्वे स्टेशन में शानदार स्वागत किया।

इस अवसर पर राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन, अंतराष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी विशाल हियाल, शुभम निषाद, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव आदि शक्ति नारी उन्नयन संस्थान रायपुर की अध्यक्ष अन्नू कंवर, राष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी जय कुमार, आर्यन पटेल, विद्या सोनी, आदित्य सोलंकी, ओंकार, समीर सोनवानी, आकाश कासू, महेन्द्र साहू सहित खेल प्रेमी एवँ खिलाड़ियों के परिजन उपस्थित थे।



ढोल नगाड़ों एवं फूलमालाओं से पिता-पुत्र का स्वागत सम्मान किया गया। डीएसपी रुस्तम सारंग ने भी युवराज को बधाई दी।

म्यूथाई संघ के प्रतिनिधि बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, विधायक अनुज शर्मा और खेल संचालक तनुजा सलाम से मुलाकात कर युवराज की उपलब्धियों से अवगत कराया। कोच अब्दुल मोइम सचिव बस्तर म्यूथाई संघ के मार्गदर्शन में युवराज खेल में आगे बढ़ रहा है।

# स्थानीय उत्पादों को डिजिटल मंचों से जोड़कर वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी: कावड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कार्यशाला में स्थानीय लघु एवं मध्यम उद्योग पर विचार मंथन




जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल माध्यम से बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से उद्योग संचालनालय और सीएसआईडीसी रायपुर की पहल से मुख्य महाप्रबंधक क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कलेक्ट्रेट में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के जितेन्द्र कावड़े प्रबंधक ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को डिजिटल मंचों से जोड़कर राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है। इस अवसर पर राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई रैम्प योजना सीएसआईडीसी रायपुर के मनीष अरोरा ने राज्य में चल रही रैम्प योजना की जानकारी दी । कार्यशाला में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अभिजीत रथ ने डिलीवरी व्यवस्था की जानकारी दी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अधिकारी, आरसेटी के संचालक सहित 80 प्रतिभागी उपस्थित रहे। जिनमें महिला उद्यमी, स्व-सहायता समूह के सदस्य, पारंपरिक कारीगर और स्थानीय उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# महिलाओं से संबंधित शिकायतों की जांच पर चर्चा



**जगदलपुर।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण उपस्थित हुये। यह समिति जिले में संचालित शासकीय कार्यालय, गैर सरकारी संस्था, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, निगम , मण्डल, बोर्ड जहां 10 से कम कर्मचारी कार्यरत है एवं जहाँ पर आंतरिक शिकायत समिति गठन नही हुआ है से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करती है। बैठक में मनोज कुमार जिला कार्यकम अधिकारी, वीनू हिरवानी, संरक्षण अधिकारी, रेखा पारिया, चेतना संस्थान अर्चना सैमसन, परियोजना अधिकारी, संतोष जैन, अधिवक्ता एवं सुश्री महफुजा हुसैन, आरफा फाउण्डेशन उपस्थित रहे।

# बस्तर के उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत दिलाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर जिले के प्रभारी विजय शर्मा ने गुरुवार को तुरेनार के ग्रामीण औद्योगिक केंद्र में संचालित ग्रोथ सेंटर का भ्रमण कर बस्तर की प्राकृतिक संपदा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यहां महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे उत्पादों के प्रसंस्करण का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि मूल्य संवर्धन हमारा मूल उद्देश्य है। इस ग्रोथ सेंटर से महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बस्तर के उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत दिलाकर हम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रोथ सेंटर में चल रही गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में हल्दी, मिर्च और धनिया का प्रसंस्करण हो रहा है, जबकि जल्द ही तिखुर का प्रसंस्करण किया जाएगा और साथ बेलमेटल के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। महिला समूह की सदस्यों से सीधी बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने मसालों की खरीदी, प्रसंस्करण तथा बिक्री प्रक्रिया की जानकारी ली और उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बस्तर में प्रचुरता से उपलब्ध उत्पादों के प्रसंस्करण पर कार्य करें ताकि आय अधिक हो और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सके। भविष्य की योजनाओं को गति देते हुए उन्होंने इमली प्रसंस्करण इकाई जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्व-सहायता समूहों को इमली का बीज निकालने की मशीन उपलब्ध करवाने कहा। तिखुर उपलब्ध क्षेत्रों की मैपिंग करें और महिला समूहों से संग्रहण करवाकर यहां प्रसंस्करण व पैकेजिंग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, महिला समूहों के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाने और महुआ से लड्डू, कुकीज, काजू एवं रागी प्रीमिक्स तथा अन्य उत्पाद तैयार करने की दिशा में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। ये पहल न केवल उत्पादों को बाजार में ऊंची कीमत दिलाएंगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को घर बैठे रोजगार प्रदान करेंगी, जिससे बस्तर की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाईक को मारी टक्कर एक की मौत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बीती रात कोड़ेनार थाना क्षेत्र के बास्तानार की घटना

कोड़ेनार थाना क्षेत्र स्थित बास्तानार मार्ग में हुए सड़क हादसे में बाईक सवार तीन युवकों में एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल दो युवकों का उपचार जारी है। घटना बीती रात की है जब बाईक सवार युवकों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों ने हंगामा कर दिया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला को शांत कराया।

जानकारी के मुताबिक बीती रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में घायल तीन युवकों को उपचार के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा भी किया। जिसके बाद मौके पर आई पुलिस ने मामले को शांत कराया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि दंतेश्वरी वार्ड निवासी दिनेश दास मानिकपुरी 20 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड अपने अन्य दो साथी संदीप राय व जय कश्यप के साथ बाइक पर सवार किसी काम से सुबह लगभग 10 बजे निकला था। रात को परिजनों को सूचना मिली कि दिनेश की बाइक का एक्सीडेंट हो गया है जिसमें तीनों घायल हो गए है। हादसे के बाद उपचार के लिए मेकाज लाया गया। जहां उपचार के दौरान दिनेश की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने वार्ड में जमकर हंगामा किया। इस घटना की जानकारी वार्ड के स्टाफ ने अस्पताल चौकी को दिया। जहां देर रात को मामला शांत कराया गया। हादसे में मृत युवक का गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं मामले की जांच कोड़ेनार पुलिस द्वारा की जा रही है।

## प्रतीक चिन्ह का विमोचन...



**जगदलपुर।** जगतू महारा उच्चतर माध्यमिक शाला में शताब्दी समारोह वर्ष का प्रतीक चिन्ह का विमोचन आज किया गया । जिसमें एसएमडीसी के अध्यक्ष राकेश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, रितेश सोनी, प्राचार्य बी.एस.रामकुमार, नवनीत कलम, जी. सूर्या राव उपस्थित थे।

# दक्ष-लैब परियोजना में प्रयोगशाला प्रणाली सुदृढ़ीकरण पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



प्रयोगशाला प्रणाली सुदृढ़ीकरण (दक्ष-लैब) पर एक श्रृंखलाबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम (कैस्केड ट्रेनिंग) का आयोजन शहर में किया गया।

कार्यक्रम राज्य स्तरीय प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता एवं कार्यकुशलता को सुदृढ़ बनाना है। यह एक दिवसीय प्रशिक्षण एफआइएनडी (फाउंडेशन फॉर इनोवेटिव न्यू डायग्नॉस्टिक्स) द्वारा सीमेंस हेल्थीनियर्स की (सीएसआर) पहल के अंतर्गत दक्ष परियोजना के तहत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित प्रशिक्षक प्रशिक्षण (टीओटी) सत्रों पर आधारित था, जिनमें मास्टर ट्रेनरों को प्रयोगशाला प्रणाली से संबंधित उन्नत तकनीकी एवं प्रबंधकीय कौशल प्रदान किए गए थे। सत्र का उद्देश्य इन जानकारियों को जिला स्तर पर लागू करना था, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं में गुणवत्ता मानकों और संचालन दक्षता में एकरूपता सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिलों के जिला लैब प्रयोगशाला अधिकारी, लैब तकनीशियन एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में गुणवत्ता सुनिश्चितता, जैव सुरक्षा, उपकरण रखरखाव, डेटा प्रबंधन तथा लैबोरेटरी इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलआइएमएस) जैसे डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर व्यावहारिक सत्र शामिल थे।

प्रशिक्षण सत्र का संचालन डॉ. नेहा सर्जल, डॉ. भाग्यलक्ष्मी एवं संगीता साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल समन्वय एफआइएनडी टीम के अंजय गुप्ता एवं देवेंद्र कुमार, जिला अस्पताल के सलाहकार डॉ. नीरज कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. नवीन रंजन (एफआइएनडी) ने कहा कि हर स्तर पर प्रयोगशालाओं को सशक्त बनाना समयबद्ध, विश्वसनीय और मानकीकृत निदान सेवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। कैस्केड मॉडल यह सुनिश्चित करता है कि जिला स्तर के प्रशिक्षक ज्ञान को आगे बढ़ाते हुए इस पहल को स्थायी बना सकें।

### सुधार की आवश्यकता पर दिया बल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने निदान सेवाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम राज्य की दीर्घकालिक स्वास्थ्य सेवा गुणवत्ता के लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

